कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website - www.bcspgcdmt.com
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 28/01/2023

# वार्षिक परीक्षा मार्च–अप्रैल 2023 समय सारणी संबंधी

## :: सूचना ::

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर ( छ.ग. ) के पत्र कमांक/99/परीक्षा/वार्षिक/अंतिम समय सारणी/2023, रायपुर दिनांक 27.01.2023 द्वारा विश्वविद्यालयीन वार्षिक परीक्षा मार्च–अप्रैल 2023 में आयोजित होने वाली स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं के लिए समय–सारणी ( Time Table ) विश्वविद्यालय द्वारा जारी कर दी गई है। घोषित समय सारणी के अनुसार वार्षिक परीक्षाएँ तीन पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में प्रातः 07:00 बजे से 10:00 बजे तक बी.एस.सी./बी.एस.सी.( होम साइंस ), बी.सी.ए.भाग–एक, दो, तीन एवं एम.ए.–पूर्व तथा अंतिम ( अर्थशास्त्र, राज.वि,अंग्रेजी ) की परीक्षाएँ आयोजित होगी। द्वितीय पाली में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक बी.कॉम. भाग–एक, दो, तीन एवं एम.ए.पूर्व तथा अंतिम ( संस्कृत, समाजशास्त्र, इतिहास, हिन्दी ), एम.कॉम.–पूर्व तथा अंतिम, एम.एस.सी. –पूर्व तथा अंतिम ( गणित ) की परीक्षाएँ आयोजित होगी। इसी प्रकार तृतीय पाली अपरांह 03:00 बजे से संध्या 06:00 बजे तक बी.ए.–प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षाएँ आयोजित होगी। वार्षिक परीक्षा मार्च–अप्रैल 2023 की परीक्षा दिनांक 01 मार्च 2023 से प्रारंभ होकर दिनांक 25 मई 2023 तक चलेंगी। परीक्षा केन्द्र कमांक 401–बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक परीक्षाएँ विश्वविद्यालय की समय–सारणी के अनुसार संचालित होगी। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि एवं समय में प्रवेश पत्र के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होवें।

परीक्षा केन्द्र कमांक 401–बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी में प्रथम पाली में कुल 2654 परीक्षार्थी, द्वितीय पाली में कुल 2818 परीक्षार्थी तथा तृतीय पाली में 3138 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस परीक्षा केन्द्र में कुल 3156 नियमित परीक्षार्थी, 02 भूतपूर्व, 15 पूरक तथा 5437 अमहाविद्यालयीन ( प्रायवेट ) परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। विस्तृत जानकारी के लिए नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी महाविद्यालय के सूचना पटल एवं वेबसाइट का अवलोकन करें।

( डॉ.श्रीदेवी चौबे )
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला–धमतरी ( छ.ग. )



Scanned with CamScanner